निवेश के लिए निवेश मित्र का उच्चीकृत पोर्टल होगा लांच

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : इन्वेस्ट यूपी बहुत जल्द उन्नत निवेश मित्र-3.0 पोर्टल लांच करने की तैयारी कर रहा है। इस पोर्टल के शुरू हो जाने पर राज्य में निवेशकों के काम जल्दी होंगे। साथ ही, व्यापारिक गतिविधियां अधिक सुगम हो जाएंगी। पोर्टल का उद्देश्य पारदर्शिता, दक्षता और निवेश अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देना है। इस पहल से राज्य में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी। उत्तर प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन की एजेंसी इन्वेस्ट यूपी है जिसके आनलाइन सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम का यह उच्चीकृत रूप होगा। इस पोर्टल पर निवेशकों को सहज व एकीकृत प्लेटफार्म मिल जाएगा। इससे विभागों में जुड़ाव व समन्वय बढ़ेगा। विभागों के बीच समन्वय में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। नया अपग्रेडेड पोर्टल एकीकृत डिजिटल ईकोसिस्टम है जिससे केंद्र और राज्य के पोर्टल के बीच समन्वय नजर आएगा। राज्य में निवेश के अनुकूल नीतियों को बढ़ावा मिलेगा। इसमें भूमि बैंक रिकार्ड भी मौजूद रहेगा। निवेशक आसानी से जान सकेंगे कि उन्हें औद्योगिक भूमि कहां उपलब्ध हो सकती है। जिला रैंकिंग, औद्योगिक पार्क रेटिंग और वास्तविक समय की जानकारी के लिए स्मार्ट डैशबोर्ड भी होगा।